# राजस्थान सरकार

## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर–302015
(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141–2742309, ई–मेल jdp-ta-rj@nic.in)

क्रमांकः– एफ.3 (ख) (एस–152/94)(लिंक नं. 5126)/अलेसे–II/465 दिनांक :–16.8.19

## कार्यालय आदेश

श्री शिवचरण लाल चौधरी, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का पदस्थापन विभागीय आदेश क्रमांक 139/2018–19 दिनांक 08.03.2019 द्वारा जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान, राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद (एक्स कॉडर), भरतपुर (पद समाप्त होने पर) से पुलिस अधीक्षक, भरतपुर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के पद के विरूद्ध किया गया था। श्री चौधरी द्वारा उक्त आदेशों के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधीकरण जयपुर में अपील संख्या 703/2019 दायर की। माननीय अधिकरण द्वारा दिनांक 02.04.2019 को विभागीय आदेशों के विरूद्ध स्थगन आदेश जारी किया गया था। माननीय अधीकरण के आदेश दिनांक 05.08.2019 द्वारा श्री चौधरी की अपील एवं स्थगन आदेश को निरस्त करते हुए निर्देशित किया है कि श्री चौधरी को लिखित चेतावनी जारी की जावे कि वह भविष्य में इस प्रकार व्यर्थ के वाद कारण से विरत रहे। श्री शिवचरण लाल चौधरी, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II को निर्देशित किया जाता है कि वह अविलम्ब पुलिस अधीक्षक, भरतपुर कार्यालय में कार्यग्रहण कर रिपोर्ट निदेशालय में प्रस्तुत करें। माननीय अधिकरण के निर्देशानुसार श्री चौधरी को लिखित चेतावनी दी जाती है कि वह भविष्य में ऐसे वाद दायर नहीं करे।

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.3 (ख) (एस–152/94)(लिंक नं. 5126)/अलेसे–II/465 दिनांक :–16.8.19

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान, राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद (एक्स कॉडर), भरतपुर।
3. पुलिस अधीक्षक, भरतपुर।
4. संयुक्त निदेशक (विधि) कार्यालय हाजा।
5. श्री शिवचरण लाल चौधरी, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II कार्यालय जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान, राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद (एक्स कॉडर), भरतपुर।
6. उपनिदेशक (एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7. अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक महोदय।
8. रक्षित पत्रावली।

अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)

D:\DTA SAS-II\sas-ii\seema ji\Order.docx